साथी हाथ बढ़ाना

Question 1.
राई पर्वत कब बन जाती है?
(a) खेत में पैदा होने पर
(b) आढ़तियों द्वारा खरीदी जाने पर
(c) एक से एक मिलते चले जाने पर
(d) वर्षा होने पर

▼ Answer

Answer: (c) एक से एक मिलते चले जाने पर

Question 2.
'कतरा' का यहाँ क्या अर्थ है?
(a) पानी की बूंद
(b) खून की बूँद
(c) मिट्टी का कण
(d) पेड़ के पत्ते

▼ Answer

Answer: (a) पानी की बूंद

Question 3.
'सेहरा' का क्या अर्थ है?
(a) सिर पर बाँधने का मुकुट
(b) रेगिस्तान
(c) जंगल
(d) खादर का क्षेत्र

▼ Answer

Answer: (b) रेगिस्तान

Question 4.
कवि के भाग्य की रेखा क्या है?
(a) भाग्य रेखा
(b) मेहनत
(c) मिलकर कार्य करना
(d) ईश्वर का विश्वास

▼ Answer

Answer: (b) मेहनत

Question 5.
सुख-दुःख में सभी मिल-जुलकर रहें, यह भाव किस पंक्ति में है?
(a) मेहनत अपने लेख की रेखा मेहनत से क्या डरना
(b) अपना दुःख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक
(c) फ़ौलादी हैं सीने अपने, फ़ौलादी हैं राहें
(d) हम चाहें तो पैदा कर दें चट्टानों में राहें।

▼ Answer

Answer: (b) अपना दुःख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक

Question 6.
'साथी हाथ बढ़ाना' गीत के गीतकार कौन हैं?
(a) सुभद्रा कुमारी चौहान
(b) सुमित्रानंदन पंत
(c) साहिर लुधियानवी
(d) महात्मा गाँधी

▼ Answer

Answer: (c) साहिर लुधियानवी

Question 7.
कवि इस गीत में किस प्रकार कार्य करने की बात कहता है?
(a) अकेले
(b) मिलकर
(c) आराम से
(d) सोच-समझकर

▼ Answer

Answer: (b) मिलकर

Question 8.
कवि कहाँ राहें पैदा करने की बात कह रहा
(a) समुद्र में
(b) हवा में
(c) वन में
(d) चट्टानों में

▼ Answer

Answer: (d) चट्टानों में

Question 9.
कवि ने अपने भाग्य की रेखा किसे बताया है?
(a) धन को
(b) मेहनत को

(c) मौके को
(d) दूसरों की दया को

▼ Answer

Answer: (b) मेहनत को

Question 10.
कवि ने अपने रास्ते को कैसा बताया?
(a) नेक
(b) एक
(c) कँटीला
(d) सुगम

▼ Answer

Answer: (a) नेक

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

साथी हाथ बढ़ाना
एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना।
साथी हाथ बढ़ाना।
हम मेहनतवालों ने जब भी, मिलकर कदम बढ़ाया
सागर ने रस्ता छोड़ा, पर्वत ने सीस झुकाया
फ़ौलादी हैं सीने अपने, फ़ौलादी हैं बाँहें
हम चाहें तो चट्टानों में पैदा कर दें राहें
साथी हाथ बढ़ाना।

Question 1.
इस गीत में किस प्रकार काम करने की बात की गई है?
(a) मिलकर
(b) मशीनों के द्वारा
(c) आधुनिक तकनीक से
(d) अकेले

▼ Answer

Answer: (a) मिलकर।

Question 2.
मेहनत करने वालों के सामने कौन सीस झुकाता है?
(a) पेड़
(b) पर्वत
(c) नदी
(d) समुद्र

▼ Answer

Answer: (b) पर्वत।

Question 3.
सागर के रास्ता छोड़ने का क्या अभिप्राय है?
(a) सागर का अहंकार चूर होना
(b) काम बन जाना
(c) बड़ी से बड़ी बाधा का दूर हो जाना
(d) शत्रु पर विजय पाना

▼ Answer

Answer: (c) बड़ी से बड़ी बाधा का दूर हो जाना।

Question 4.
चट्टानों में राह पैदा करने का क्या आशय है?
(a) कठोर कार्य करना
(b) चट्टान तोड़ना
(c) पर्वत पर चढ़ना
(d) कठिन परिस्थितियों में भी विजय प्राप्त करना

▼ Answer

Answer: (d) कठिन परिस्थितियों में भी विजय प्राप्त करना
कठिन परिस्थितियों में भी रास्ता निकाल लेना/विजय प्राप्त करना।

Question 5.
कवि ने हाथ बढ़ाने का प्रयोग किसके लिए किया है?
(a) धन्यवाद देना
(b) रास्ता माँगना
(c) मिल-जुलकर कार्य करना
(d) हाथ को लंबा करना

▼ Answer

Answer: (c) मिल-जुलकर कार्य करना।

---

(2)

मेहनत अपने लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना
कल गैरों की खातिर की, आज अपनी खातिर करना
अपना दुख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक
अपनी मंजिल सच की मंजिल, अपना रस्ता नेक
साथी हाथ बढ़ाना।
एक से एक मिले तो कतरा, बन जाता है दरिया
एक से एक मिले जो ज़र्रा, बन जाता है सेहरा
एक से एक मिले तो राई, बन सकती है पर्वत

एक से एक मिले तो इंसाँ, बस में कर ले किस्मत
साथी हाथ बढ़ाना।

Question 1.
यहाँ गैर किनको कहा गया है?
(a) अंग्रेजों को
(b) मुगलों को
(c) विदेशी शत्रुओं को
(d) पाकिस्तानियों को

▼ Answer

Answer: (a) अंग्रेजों का।

Question 2.
कवि की मंजिल कैसी है?
(a) बहुत ऊँची
(b) बहुत दूर ।
(c) सच की मंजिल
(d) दुर्लभ मंजिल

▼ Answer

Answer: (c) सच की मंजिल।

Question 3.
'ज़र्रा' का क्या अर्थ है?
(a) धन
(b) मिट्टी का कण
(c) रेगिस्तान
(d) धरती

▼ Answer

Answer: (b) मिट्टी का कण।

Question 4.
'राई का पर्वत बनना' मुहावरे का अर्थ है
(a) खेत में सरसों उगाना
(b) पहाड़ पर सरसों उगाना
(c) हथेली पर सरसों उगाना
(d) छोटी चीज को बड़ा बनाना

▼ Answer

Answer: (d) छोटी चीज को बड़ा बनाना।

Question 5.
किस्मत कब वश में हो सकती है?
(a) जब हाथों में शक्ति हो
(b) जब मिल-जुलकर चला जाए
(c) जब पास में धन हो
(d) जब सरकार सहायता दे

▼ Answer

Answer: (b) जब मिल-जुलकर चला जाए।